**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं.2558**
**वाणिज्य विभाग**

<u>दिनांक 16 दिसम्बर,2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**इज़राइल के साथ मुक्त व्यापार समझौता**

**2558. श्री जय प्रकाश:**
क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत और इज़राइल ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता आरंभ करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार ने इस संबंध में किन्हीं विचारार्थ विषयों पर हस्ताक्षर किए हैं; और
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ग): भारत और इज़राइल ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता शुरू करने का निर्णय लिया है। नवंबर 2025 में माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री की इज़राइल यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने विचारार्थ विषयों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए, जो भारत और इज़राइल के बीच एफटीए वार्ता का मार्गदर्शन करेगें। भारत-इज़राइल एफटीए के विचारार्थ विषयों में समझौते के दायरे और वार्ता की प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं को कवर किया गया है।

*****